### छह लेन का नया एक्सप्रेसवे पूर्वांचल और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के बीच बनेगा


# पूर्वी -पश्चिमी यूपी को जोड़ेगा 50 किमी का नया लिंक एक्सप्रेस वे

## रफ्तार

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक सीधे जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे की पूरी योजना तैयार हो गई है। यह एक्सप्रेसवे लगभग 50 किमी का होगा। इससे पूर्वी यूपी बिना बाधा सीधे तौर पर पश्चिमी यूपी से जुड़ जाएगा। छह लेन के इस प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे का निर्माण इसी साल शुरू हो जाएगा। इस पर वाहनों की अधिकतम रफ्तार 120 किमी की होगी।

औद्योगिक विकास विभाग के नए लिंक एक्सप्रेसवे के प्रस्ताव को जल्द कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी। इसके बाद इस एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए विकासकर्ता कंपनी का चयन होगा। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 597 हेक्टेयर जमीन की जमीन जरूरत होगी। एक्सप्रेसवे का पांच साल तक अनुरक्षण काम निजी कंपनी को दिया जाएगा। एक्सप्रेसवे की निर्माण लागत करीब 5000 करोड़ रुपये होगी। इसमें जमीन अधिग्रहण की कीमत भी शामिल है। भविष्य में इस एक्सप्रेसवे को आठ लेन का किया जा सकेगा।

आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे का पहला टोल प्लाजा बहरू में पड़ता है। यहीं से लिंक एक्सप्रेस शुरू होगा और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का पहला टोल प्लाजा महुराकलां के पास जाकर जुड़ जाएगा है। इस एक्सप्रेसवे के दोनों ओर सघन वृक्षारोपण होगा।



**08** लेन का भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए इस लिंक एक्सप्रेस वे को किया जा सकेगा

## लखनऊ वालों को जाम से मिलेगा छुटकारा

अभी आगरा एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर जाने वाले बड़े व भारी वाहन लखनऊ के अंदर से होकर गुजरते हैं। इसके साथ अवध चौराहा, तेलीबाग चौराहा, अर्जुनगंज चौराहा, गोसाईगंज चौराहे समेत कई और रास्तों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है है। रोजाना करीब 70 हजार से ज्यादा वाहन लखनऊ शहर में होते हुए आगरा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक आते- जाते हैं। लिंक एक्सप्रेस-वे बनने के बाद शहर में भी ट्रैफिक लोड घटेगा और लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा 104 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड बन रही है। नया लिंक एक्सप्रेसवे इसके नजदीक से गुजरेगा।

## देवीपाटन मंदिर के समीप आरओबी बनेगा

**लखनऊ।** बलरामपुर में स्थित देवीपाटन मंदिर के समीप दो लेन तथा कानपुर में चार लेन युक्त रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, कानपुर से उन्नाव (शुक्लागंज) की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी पर नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। सेतु निगम लिमिटेड द्वारा देवीपाटन मंदिर के समीप तुलसीपुर-गोंडा रेल सेक्शन पर 57 करोड़ रुपये में 629 मीटर लंबे रेल ओवरहेड ब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

## इन गांवों से गुजरेगा

लखनऊ में आदमपुर, इरखरा, सकाभवई, लुहस बंथरा, सिकंदपुर, कुरैनी, भगदुमपुर, काशी जैतीखेड़ा, परवर, पश्चिम परवर, उल्लासखेड़ा, खुजहा, बरकत नगर, किथैली, कलपहासा से एक्सप्रेस गुजरेगा।